gies. A suggestion to delink repatriation of dividends from export earnings was also made. The policy position in this regard and the basis for the same was clarified to the Mission members.

एच०ई०सी० रांची के पास लम्बित आर्डर

1285. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय एच०ई०सी० रांची के पास देश और विदेश के कितने सप्लाई आर्डर लम्बित हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान एच०ई०सी० को हुए लाभ-हानि का ब्यौरा क्या है ;

(ग) कम्पनी की इस स्थिति के लिए कौन-कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं ; और

(घ) इसे कम खर्चे पर चलाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०के० थुंगन) : (क) एक विवरण संलग्न है । (**नीचे देखिए**)

(ख) एच०ई०सी० को पिछले तीन वर्षों के दौरान हुए लाभ/हानि का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

(करोड़ रुपये में)

	(+) शुद्ध लाभ/(–) शुद्ध हानि
1988–89 .	(+) 12.53
1989–90 .	(–) 33.62
1990–91 . .	(—) 99.51

(ग) कारपोरेशन को घाटा, अपर्याप्त और असंतुलित ऋणादेशों, बेसी जन शक्ति, उच्च ऊपरी खर्चों, गंभीर वित्तीय समस्या, घटिया कार्य प्रणाली तथा ग्राहकों से भारी बकाया आदि जैसे विभिन्न कारणों से हुआ है । इस कार्य के लिए किसी व्यक्ति विशेष को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता ।

(घ) सरकार ने कारपोरेशन को मितव्ययी रूप से चलाने के लिए विभिन्न उपाए किए हैं जिनमें योजना और गैर योजना निधियों की व्यवस्था और वर्तमान वित्तीय संकट के निवारण के लिए बैंकों से नकद ऋण सीमा में वृद्धि के लिए गारंटी देना तथा बढ़ी हुई जन शक्ति को युक्तिसंगत बनाने के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना के कार्यान्वियन हेतु निधियों की व्यवस्था करना शामिल है ।

विवरण

क्षेत्र	मूल्य (करोड़ रु. में)	मदें
1 2	2	4
1. इस्पात .	249.00	कोयला भट्टी मशीनें और बैटरी उपकरण, धातु क्रेनें, स्लैग कप्स, रोल्स, इनगॉट माउल्ड्स, कास्टींग्स, फोरजींग्स, व्हील एण्ड एक्सील सयंत्र, इत्यादि
2. खनन .	292.00	शॉवेल, हड्रालिक शॉवेल, वाकिंग ड्रेगलाइन्स, ओवर-बर्डन ड्रिल्स, गायरेट्री क्रशर्स कोन क्रशर्स और हिस्से पुर्जे

1	2	3	4
3.	रेलवे	48.00	विशेष उद्देश्य रेलवे मशीन टूल्स और क्रैंक-शाफ्ट्स,
4.	रक्षा	11.00	नेवल शाफ्ट्स, टरेट कास्टिंग्स, मशीन टूल्स और प्लेट्स,
5.	ऊर्जा	6.00	टर्बाइन शाफ्ट्स, रोटर्स, ग्राइन्डिंग रिम्स, मशीन टूल्स, इत्यादि,
6.	अन्य विविध क्षेत्र	71.00	कास्टिंग्स, फोरजिंग्स, मशीन टूल्स, चीनी मिल शाफ्ट्स, इत्यादि
7.	रूस को निर्यात	0.40	फ्रन्ट वाल और लैंडल बॉटम कास्टिंग्स

Production of Maruti cars for Yugoslavia

1286. SHRI GURUDAS DAS GUPTA : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Maruti Udyog Ltd. had produced 125 left hand driven cars and sent them to Kandla Port for shipment sometime in 1990 without any order from Yugoslavia;

(b) whether it is a fact that these cars remained in open areas for a long period and got damaged and some became junk for disposal and some were sold to Hungary at cheaper rates;

(c) if so, the details tereof;

(d) whether Maruti Udyog Ltd. imported Speedometers from Hungary which are faulty;

(e) if so, the total amount of loss suffered by Maruti Udyog Ltd. for producing such cars;

(f) whether about 25 to 30 engineers were sent to Kandla to repair the cars to make them roadworthy;

(g) whether CBI has looked into the whole affair and submitted its report; and

(h) if so, the detalis thereof and action taken thereon ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P.K. THUNGON) : (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

(d) Only those speedometers imported from Hungary, which met with prescribed specifications, were accepted by Maruti Udyog Limited.

(e) to (h) Do not arise.